भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 192 का उत्तर

नांदेड़-बीदर नई रेलवे लाइन का निर्माण

192. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नांदेड़ और बीदर के बीच नई रेल लाइन बिछाने के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र और कर्नाटक उक्त रेलमार्ग के अपने-अपने हिस्सों की साझेदारी को और संबंधित लागतों को वहन करने के संबंध में किसी सहमति पर पहुंच गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त रेल लाइन का निर्माण कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): नांदेड़-बीदर (155 किलोमीटर) नई लाइन परियोजना को अपेक्षित अनुमोदन के अध्यधीन बजट 2018-19 में शामिल किया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। चूंकि, परियोजना में कम यातायात का अनुमान लगाया गया है, इसलिए कर्नाटक और महाराष्ट्र सरकार से नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराने और संबंधित राज्य में पड़ने वाले भागों के लिए परियोजना के निर्माण की 50% लागत को साझा करने का अनुरोध किया गया है। बहरहाल, उनकी सहमति अभी प्राप्त नहीं हुई है।

****